**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 2062**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## विमान की सुरक्षा और रखरखाव के लिए नियम और विनियम

**2062. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बढ़ती सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसे बढ़ते हवाई यातायात, विमान दुर्घटनाओं, पक्षियों के टकराने से संबंधित घटनाओं और अन्य तकनीकी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए विमानों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए नए नियम और विनियम लागू करने का विचार रखती है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) पिछले दस वर्षों के दौरान देश में हुए विमान दुर्घटनाओं का ब्यौरा क्या है और हताहतों की संख्या कितनी है, अर्थात् मृत्यु और घायलों की संख्या क्या है और पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;
(घ) क्या सरकार अत्यधिक भार वाले हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) प्रणाली के मुद्दे के समाधान के लिए एक नई व्यवस्था शुरू करने का विचार रखती है;
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;
(च) क्या सरकार को अहमदाबाद में हाल ही में हुई विमान दुर्घटना के कारणों को दर्शाती हुई कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(छ) क्या सरकार का विचार विमानन प्रणाली की सुरक्षा और विमानों के उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए एक कुशल व्यवस्था लागू करने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास विमानों के सुरक्षित परिचालन और अनुरक्षण के लिए व्यापक और संरचित नागर विमानन विनियम हैं। इन विनियमों को निरंतर अद्यतन किया जाता है और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाता है।

(ग): वर्ष 2015 से अब तक भारतीय नागरिक पंजीकृत अनुसूचित विमानों से संबंधित कुल 18 दुर्घटनाएँ दर्ज की गई हैं। विवरण अनुलग्नक 'क' में संलग्न हैं।

हवाई दुर्घटना/घटना के कारण यात्री की मृत्यु या शारीरिक चोट लगने की स्थिति में यात्री या उसके निकटतम संबंधी को मुआवजे का भुगतान, वायु परिवहन अधिनियम, 1972 के प्रावधानों द्वारा अधिशासित होता है। भारत ने वर्ष 2009 में वायु परिवहन अधिनियम, 1972 में संशोधन करके मॉन्ट्रियल कन्वेंशन, 1999 का अनुसमर्थन किया है। उक्त अधिनियम के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय परिवहन के संबंध में मृत्यु, व्यक्ति के सामान या कार्गो की देरी, क्षति या हानि के मामले में मुआवजे के भुगतान का दायित्व वाहकों की है।

इसके अलावा, भारत ने 2009 में वायु परिवहन अधिनियम, 1972 में संशोधन करके मॉन्ट्रियल कन्वेंशन, 1999 का अनुसमर्थन किया है, जो अन्य बातों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय

परिवहन के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु, सामान या कार्गो की, देरी, क्षति या हानि की स्थिति में मुआवजे के लिए वाहकों की देनदारियों का प्रावधान करता है।

(घ) और (ङ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) राष्ट्रीय विनियामक अपेक्षाओं जैसे वॉच ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस (डब्ल्यूडीटीएल) और भारत में हवाईअड्डों/क्षेत्रों पर एटीसीओ के लिए विश्राम संबंधी अपेक्षाओं का अनुसरण करता है।

(च): अहमदाबाद में दिनांक 12.06.2025 को एअर इंडिया उड़ान एआई-171 की दुर्घटना के प्रमुख संभावित कारण(कारणों)/योगदायी कारक(कारकों) को निर्धारित करने के लिए वायुयान (दुर्घटनाओं और घटनाओं का अन्वेषण) नियमावली, 2017 के नियम-11 के तहत महानिदेशक, वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो द्वारा अन्वेषण का आदेश दिया गया है।

एएआईबी द्वारा दिनांक 12 जुलाई, 2025 को दुर्घटना पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और यह उनकी वेबसाइट www.aaib.gov.in पर उपलब्ध है। दुर्घटना के संभावित कारण(कारणों)/योगदायी कारक(कारकों) का पता लगाने के लिए अन्वेषण चल रहा है।

(छ): डीजीसीए के पास एक मजबूत सुरक्षा निगरानी तंत्र है, जिसमें विनियमों और नागर विमानन अपेक्षाओं (सीएआर) के अनुपालन के अनुवीक्षण के लिए निगरानी, स्पॉट चैक्स और संपरीक्षा शामिल हैं। जोखिम अभिज्ञता के आधार पर विशेष संपरीक्षाएं भी की जाती हैं। संपरीक्षा रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुपालन के लिए प्रचालकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। उल्लंघन के मामले में वित्तीय दंड सहित प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है।

**अनुलग्नक - क**

| क्र. सं. | दिनांक | दुर्घटना का स्थान | विमान पंजीकरण | प्रचालक | मृत्यु | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08-मार्च-15 | हुबली | वीटी-एसयूए | स्पाइसजेट | 0 | लैंडिंग के कुछ ही देर बाद, विमान बाईं ओर मुड़ गया और रनवे के किनारे लगी लाइटिंग–जिसमें नॉन फ्रेंजिबल फिक्स्चर भी शामिल थे–से टकरा गया, जिससे बायाँ लैंडिंग गियर टूट गया। विमान रनवे से बाहर निकलकर सेंट्रललाइन से लगभग 52 मीटर दूर उबड़-खाबड़ ज़मीन पर जा गिरा। |
| 2 | 13-अप्रैल-15 | खजुराहो | वीटी-जेजीए | जेट एयरवेज | 0 | लगभग 36 नॉट्स पर लैंडिंग के लगभग 15 सेकंड बाद, अत्यधिक घर्षण और हाइड्रोजन एम्ब्रिटलमेंट के कारण उत्पन्न फटीग के कारण बाएं मुख्य गियर पर पिछला ट्रूनियन पिन टूट गया, जिसके कारण विमान रनवे से हट गया और अपने नोज़ गियर और दाहिने इंजन पर आकर रुक गया। |
| 3 | 04-दिसंबर-15 | जबलपुर | वीटी-एसयूसी | स्पाइसजेट | 0 | जबलपुर हवाईअड्डे पर लैंडिंग के दौरान विमान जंगली सूअरों से टकरा गया। इस टक्कर से बायाँ मुख्य लैंडिंग गियर टूट गया, जिससे बायाँ इंजन प्रोपेलर टूट गया और नोज़ गियर भी टूट गया। विमान रनवे से फिसलकर नरम ज़मीन पर आ गया और रुक गया। |
| 4 | 16-दिसंबर-15 | मुंबई | वीटी-एससीक्यू | एअर इंडिया | 1 | विमान के नीचे काम कर रहे एक सर्विस इंजीनियर को नंबर 1 इंजन में घुसने से गंभीर चोटें आईं। टो ट्रक चालक भी टो बार को छोड़कर टो ट्रक को विमान से दूर ले गया। विमान का अगला पहिया टो बार से टकराया और टो बार आरएच मुख्य लैंडिंग गियर व्हील से चिपक गया। |
| 5 | 03-मार्च-16 | मुंबई | वीटी-जेजीडी | जेट एयरवेज | 0 | मुंबई के रनवे 27 पर उतरने के बाद, कॉकपिट क्रू ने एक धमाकेदार आवाज़ सुनी और विमान दाईं ओर मुड़ने लगा। जाँच के दौरान पता चला कि लैंडिंग के दौरान ट्रूनियन पिन टूट गया था। |
| 6 | 07-मई-16 | इंदौर | वीटी-जेसीएक्स | जेट एयरवेज | 0 | विमान के रनवे 25 पर उतरते समय रनवे एक्सकर्सन हुआ। विमान बाईं ओर मुड़ गया, कच्चे में चला गया और आइसोलेशन बे के पास रुक गया |
| 7 | 27-दिसंबर-16 | गोवा | वीटी-जेबीजी | जेट एयरवेज | 0 | विमान रनवे की सेंट्रललाइन के साथ संरेखित था और थ्रॉटल एन1 के लगभग 40% पर था और पीआईसी द्वारा  टीओजीए दबाया गया। जैसे ही टीओजीए दबाया गया, विमान सेंट्रललाइन के दाईं ओर मुड़ने लगा। चालक दल द्वारा रडर और ब्रेक लगाकर विमान को नियंत्रित करने के प्रयासों के बावजूद, विमान रनवे से दाईं ओर निकल गया। विमान नरम ज़मीन पर रुक गया और उसे काफी नुकसान हुआ। |
| 8 | 05-सितंबर-17 | कोचीन | वीटी-एवाईबी | एअर इंडिया | 0 | दिनांक 04.09.2017 को, मेसर्स एयर इंडिया एक्सप्रेस बी737-800 विमान वीटी-एवाईबी, अबू धाबी से कोचीन के लिए उड़ान आईएक्स |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 452 के संचालन के दौरान कोचीन हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 102 यात्री और 06 चालक दल (02 कॉकपिट क्रू और 04 केबिन क्रू) सवार थे। लैंडिंग के बाद, टैक्सिंग करते समय, विमान टैक्सीवे 'एफ' से पहले टैक्सीवे 'सी' (ई और एफ के बीच) पर 90 मीटर पहले मुड़ गया और खुले वर्षा जल के नाले में जा गिरा। विमान के नोज लैंडिंग गियर (एनएलजी), इंजन इनलेट काउल, फैन काउल, इंजन स्ट्रट, बेली स्किन आदि को भारी क्षति हुई। |
| 9 | 11-अक्तूबर-18 | त्रिची | वीटी-एवाईडी | मै. एअर इंडिया एक्सप्रेस | 0 | मेसर्स एयर इंडिया एक्सप्रेस बी737-800 विमान वीटी-एवाईडी, 12.10.2018 को उड़ान एएक्सबी-611 (त्रिची-दुबई) के संचालन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। त्रिची हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय विमान आईएलएस एंटीना और चारदीवारी के ऊपरी हिस्से से टकरा गया। |
| 10 | 1-जुलाई-19 | मुंबई | वीटी-एसवाईके | स्पाइस जेट | शून्य | जयपुर-मुंबई सेक्टर के लिए एक निर्धारित उड़ान के दौरान, मुंबई में रनवे एक्सकर्शन दुर्घटना हुई। विमान रनवे 27 के अंत से लगभग 150 मीटर आगे चला गया। |
| 11 | 14-जून-20 | मार्ग में (दमण-कोचीन) | वीटी-आईजेटी | इंडिगो | शून्य | क्रूज़ के दौरान टर्बुलेंस के कारण केबिन क्रू गिर गया। केबिन क्रू के पैर में गंभीर चोट आई है। |
| 12 | 7-अगस्त-20 | कालीकट | वीटी-एएक्सएच | एअर इंडिया एक्सप्रैस लिमिटेड | 21 | कालीकट में रनवे 10 पर उतरते समय विमान रनवे 10 के अंत से बाहर निकलकर खाई में गिर गया। विमान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। |
| 13 | 20-फरवरी-21 | विजयवाड़ा | वीटी-जीएचई | एअर इंडिया एक्सप्रैस लिमिटेड | शून्य | लैंडिंग के बाद, खड़े होने के लिए टैक्सिंग के समय, विमान के दाहिने पंख का अगला किनारा फ्लड लाइट मास्ट से टकराया, जिससे स्लैट संख्या 7 और 8 का अगला किनारा क्षतिग्रस्त हो गया। विमान के दाहिने पंख से टकराने के कारण फ्लड लाइट मास्ट टूट गया और जमीन पर गिर गया। |
| 14 | 7-जून-21 | कोलकाता | वीटी-टीजीई | विस्तारा | शून्य | उतरते समय, एफएल-200 के पास से गुजरते समय, विमान को गंभीर टर्बुलेंश का सामना करना पड़ा। पिछले 20 मिनट से सीट बेल्ट लगी हुई थी और चालक दल को इंटरकॉम के माध्यम से बैठने की सलाह दी गई थी। 04 यात्रियों को चोटें आईं। |
| 15 | 14-जून-21 | हुबली | वीटी-आईवाईएक्स | इंडिगो | शून्य | कन्नूर से हुबली जा रहा विमान उड़ान संख्या 6ई-7979 हुबली में हार्ड लैंडिंग दुर्घटना का शिकार हो गया। |
| 16 | 4-सितंबर-21 | बैंगलौर | वीटी-आईवाईएम | इंडिगो | शून्य | क्रूज़ के दौरान विमान में टर्बुलेंस आई और एक केबिन क्रू को गंभीर चोट आई। विमान को कोई नुकसान नहीं हुआ। |
| 17 | 1-मई-22 | दुर्गापुर | वीटी-एसएलएच | स्पाइसजेट | 1 (दुर्घटना के चार माह बाद) | उतरते समय विमान में बहुत अधिक टर्बुलेंस उत्पन्न हो गई, जिसके परिणामस्वरूप यात्री घायल हो गए। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | 12-जून-25 | अहमदाबाद | वीटी-एएनबी | एअर इंडिया | 241 जहाज सवार और 19 जमीन पर | अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान अहमदाबाद के मेघानीनगर क्षेत्र में स्थित बी.जे. मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकरा गया। |

*****